**Headline**: REAL ESTATE DEVELOPERS IN TIER II & III CITIES

# टीडीआई सिटी में गुरुद्वारे के लिए नींव पत्थर रखा गया



**नई दिल्ली.** टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने इसकी 1250 एकड़ की टाऊनशिप टीडीआई सिटी कुंडली में गुरुद्वारे के लिए नींव पत्थर रखा। जैसाकि यह टाऊनशिप उत्तर दिल्ली में सबसे बड़ी टाऊनशिप है। स. परमजीत सिंह शरणा, जोकि दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष हैं, ने नींव पत्थर रखते हुए कहा कि यह गुरुद्वारे के निर्माण हेतु एक यादगार एवं बड़े सम्मान का दिन है और मैं इसके लिए टीडीआई सिटी कुंडली और उच्च प्रबंधन टीडीआई को इसके लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं और उम्मीद करता हूं कि जिसका हम वर्षों से इंतजार कर रहे थे, वह खुशी और संतोष हमें अब मिलने वाला है और यह एक ऐसा भी दिन है कि भविष्य की पीढ़ी इस दिन को एक अच्छी शुरुआत के रूप में याद रखेगी। टीडीआई सिटी कुंडली, जिसमें 250 परिवार हैं और जिनके लिए पहले से ही मंदिर बना हुआ था और अब गुरुद्वारा भी बन जाएगा। इस अवसर पर कमल तनेजा, जो टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर के मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा कि टीडीआई सिटी को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बनाना हमारा दावा ही नहीं बल्कि इसे पूरा करने के लिए भी हम पूरे कर्त्तव्यनिष्ठ हैं। घर के पास कोई भी धार्मिक स्थान हमेशा आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ाने में सहायता करता है। इस अवसर पर स. शरणा सिंह दिल्ली से गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ पधारे थे।